दिगन्तर

न्याय और समता के लिए शिक्षा

वार्षिक रपट 2011-12

अनुक्रम

1. दिगन्तर के बारे में 03

2. मुख्य कार्यक्रम

   2.1 दिगन्तर विद्यालय 06

   2.2 अकादमिक संदर्भ इकाई (तरू) 17

   2.3 शिक्षा विमर्श : शैक्षिक चिन्तन एवं संवाद की द्विमासिक पत्रिका 24

   2.4 संदर्भ सहायता इकाई 26

3. अन्य कार्यक्रम

   3.1 DFID's ग्लोबल स्कूल पार्टनरशिप कार्यक्रम 29

   3.2 शिक्षा समर्थन 31

4. विकसित शिक्षण सामग्री 33

5. सहयोग व भागीदारी 34

6. दिगन्तर संरचना 35

   6.1 कार्यकारी समिति

   6.2 जनरल बॉडी

7. परिशिष्ट

   7.1 शिक्षण सामग्री सूची 36

   7.2 कार्यकर्ता विवरण 38

   7.3 वित्तीय विवरण 43

   7.4 दिगन्तर पहुँचना 50

1. दिगन्तर के बारे में

दिगन्तर शिक्षा एवं खेलकूद समिति[1] 1958 अधिनियम के तहत् वर्ष 1988 से पंजीकृत एक अलाभकारी स्वयंसेवी संस्था है। दिगन्तर का शैक्षिक नजरिया समतावादी, लोकतान्त्रिक एवं बहुसांस्कृतिक समाज की संकल्पना पर आधारित है। संस्था प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने की पक्षधर है।

दिगन्तर की शुरुआत वैकल्पिक शिक्षा के क्षेत्र में एक छोटे से विद्यालय के तौर पर हुई। वर्ष 1978 में दो शिक्षकों ने 20–25 बच्चों के समूह के साथ इस विद्यालय की शुरुआत की। एक परिवार से प्राप्त वित्तीय सहायता से संचालित यह विद्यालय बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा प्रदान करता था। आज जिस सतत् व व्यापक मूल्यांकन को स्कूलों में प्रयोग में लाने की बात की जाती है दिगन्तर के इस विद्यालय में बच्चों की उपलब्धियां का मूल्यांकन इसी तर्ज पर किया जाता था। मूल्यांकन को इस विद्यालय में बच्चों के सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का हिस्सा माना गया। यहां बच्चों की उपलब्धियों को जांचने के लिए परीक्षा नहीं ली जाती थी। इस विद्यालय में इस बात का खासतौर से खयाल रखा गया कि बच्चों के सीखने–सिखाने की प्रक्रियाओं को भयमुक्त रखा जाए और बच्चे तथ्यों को रट कर याद भर न करें बल्कि उन्हें समझ कर सीखें। इस बात को समझा गया कि यदि सीखने–सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की रुचियों का ध्यान रखा जाएगा तो बच्चे सीखने में ज्यादा आत्मनिर्भर होंगे और वे स्वतः प्रेरित हो कर गतिविधियों में हिस्सा लेंगे।

एक छोटे समूह के रूप में लगभग 10 वर्षों (1978 से 1988) तक संचालित इस विद्यालय का **मुख्य लक्ष्य था,** मूल्यपरक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वारा बच्चों में आपसी सहयोग, स्वतंत्र चिंतन की क्षमताओं का विकास। इस विद्यालय में सीखने–सिखाने के ऐसे तरीकों को विकसित करने पर ध्यान दिया गया जो बच्चों को सीखने में आत्मनिर्भर बनने में मदद करते हों।

इन 10 वर्षों के दौरान शिक्षकों को प्राथमिक शिक्षा के सैद्धान्तिक और व्यवहारिक पहलुओं को समझने और अध्ययन करने का पर्याप्त अवसर मिला। इस प्रकार विद्यालय में नियमित काम करते हुए **एक ओर** शिक्षा का आशय समझने तथा समाज से उसका संबंध तलाशने का काम किया गया। **दूसरी तरफ,** शिक्षा और समाज के विकास के लिए काम कर रहे अन्य समूहों/साथियों के साथ परस्पर बातचीत की गई। इस प्रयास ने प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे समूहों का ध्यान आकर्षित किया और विद्यालय का अन्य लोगों के साथ संबंध बनना प्रारम्भ हुआ। धीरे–धीरे इस विद्यालय में काम के आधार पर प्राथमिक शिक्षा दर्शन के मूलभूत सिद्धान्तों को लेकर ज्यादा स्पष्ट समझ बनी।

---

[1] दिगन्तर संस्था को दिया गया सभी प्रकार का दान/अनुदान आयकर अधिनियम की धारा 10 (23 c)(VI) के अन्तर्गत कर मुक्त है। कानून 1976 के अन्तर्गत विदेशी योगदान (नियमन) पंजीकृत है।

आरम्भ में यह विद्यालय ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विशेषाधिकार की ज्यादा जरूरत के रूप में था। इसमें अन्य लोग जुड़े, संस्था ने रूप लिया और 'दिगन्तर शिक्षा एवं खेलकूद समिति' के नाम से पंजीकरण हुआ। इसके संचालन के लिए जयपुर के दक्षिण–पूर्व गांव/ढ़ाणी को कार्यक्षेत्र के रूप में चुना गया।

मुख्य उद्देश्य–

- शिक्षा की उन्नति के लिए नये दृष्टिकोण को व्यवहारिक धरातल पर परीक्षण हेतु विद्यालय स्थापित करना व उनका संचालन करना।
- शिक्षा विषयक चिन्तन व नई शिक्षण विधियों के विकास के लिए कार्य करना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना।
- शिक्षा से संबंधित शोध कार्य को प्रोत्साहन देना।
- सांस्कृतिक उन्नयन तथा सामाजिक उन्नति के लिए कार्य करना।

वर्तमान में संस्था शिक्षा से जुड़े निम्न पहलुओं पर काम कर रही है–

- शिक्षा में नवाचारों और शिक्षाशास्त्रीय विचारों को क्रियान्वित एवं परिष्कृत करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में दो विद्यालयों का संचालन।
- विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों में शैक्षिक गतिविधियों पर आपसी समझ विकसित करने का अवसर मुहैया कराना।
- अकादमिक संदर्भ इकाई के माध्यम से शिक्षाक्रम एवं शिक्षण सामग्री विकसित करना, शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर शोध, शिक्षक प्रशिक्षणों का आयोजन तथा अन्य संस्थाओं को अकादमिक मदद मुहैया करवाना।
- सरकारी तंत्र के साथ मिलकर विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए काम करना।
- आरंभिक शिक्षा में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने और क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करना।
- शिक्षा में मौजूदा अकादमिक विमर्श के लिए '**शिक्षा विमर्श**' के नाम से पत्रिका का प्रकाशन।
- संस्था के सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थात्मक मदद मुहैया कराने के लिए संदर्भ सहायता इकाई का संचालन।

2. वर्ष 2011–12 में संचालित मुख्य गतिविधियां एवं कार्यक्रम विवरण–

	कार्यक्रम	उद्देश्य	लाभान्वित	सहयोगी	टीम
मुख्य कार्यक्रम एवं गतिविधियां	दिगन्तर विद्यालय	• गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित बच्चों विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा उपलब्ध कराना। • शिक्षा में कार्यरत विभिन्न संस्थानों एवं व्यक्तिओं को अकादमिक मदद मुहैया कराना।	• बच्चे, विशेष रूप से बालिकाएं। • विभिन्न संस्थाएं, बच्चे और शिक्षक।	अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन	45
	शिक्षा विमर्श	शैक्षिक चिन्तन एवं संवाद के लिए पत्रिका प्रकाशित करना।	शिक्षा में रूचि रखने और काम करने वाले व्यक्ति/संस्थान।	-	02
	अकादमिक संदर्भ इकाई	शिक्षा में कार्यरत संस्थाएं और दिगन्तर कार्यक्रम को अकादमिक मदद मुहैया कराना।	विभिन्न संस्थाएं, बच्चे और शिक्षक।	अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन	17
	संदर्भ सहायता इकाई	दिगन्तर के सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थात्मक मदद उपलब्ध कराना।	दिगन्तर के सभी कार्यक्रम और उनके कार्यकर्ता।	आईसीईई	21
अन्य कार्यक्रम	DFID's ग्लोबल स्कूल पार्टनर शिप कार्यक्रम	प्राथमिक स्तर पर बच्चों को अलग–अलग संस्कृति पर समझ विकसित करना।	बच्चे और शिक्षक।	डीएफआईडी	-
	शिक्षा समर्थन	सरकारी विद्यालयों/ढांचा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अकादमिक मदद करना।	बच्चे, शिक्षक और नोडल केन्द्र प्रभारी।	वॉटिस	08

ICICI Centre for Elementary Education (ICEE)
Department for International Development (DFID)
Wipro Applying Thought In Schools (WATIS)

2.1 दिगन्तर विद्यालय

1988 से प्रारम्भ, दिगन्तर विद्यालय में उच्च माध्यमिक स्तर तक बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही शिक्षा में सैद्धान्तिक व व्यवहारिक पहलुओं का अध्ययन करना और उपयुक्त शिक्षण विधियां विकसित करने का काम किया जा रहा है। शिक्षा के स्वरूप और उद्देश्यों पर समुदाय के साथ सतत् संवाद करते हुए विद्यालय के बेहतर संचालन में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर इस कार्यक्रम में खासतौर से जोर दिया गया है। बच्चों के साथ सतत् शैक्षिक काम करते हुए यह विद्यालय शैक्षिक नीतियों, शैक्षिक सिद्धान्तों को दिशा देने तथा मदद करने की दिशा में भी प्रयासरत् है।

वर्तमान में, जयपुर जिले के सांगानेर पंचायत समिति के ग्रामीण क्षेत्र (खो रेबारियान तथा भावगढ़ बंध्या गांव) में 509 बच्चे प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक दिगन्तर विद्यालय में शिक्षा अर्जित कर रहे है। इन बच्चों को किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना होता है। नियमित रूप से बच्चों के साथ मिलकर सीखने–सिखाने का काम करते हुए विद्यालय में प्राथमिक स्तर तक शिक्षाक्रम एवं शिक्षण सामग्री विकसित की गई है। बच्चों के साथ शिक्षण कार्य के दौरान आवश्यकता अनुरूप अन्य शिक्षण सामग्री का इस्तेमाल करने के लिए शिक्षकों को स्वतंत्रता है। इसलिए दिगन्तर विद्यालय में **NCERT, NIOS, SCERT व अन्य शिक्षण सामग्री** भी उपयोग में ली जाती है।

प्रतिदिन 05–06 किलोमीटर के दायरे से लगभग 28 ढ़ाणियों से बच्चे इन विद्यालयों में आकर अध्ययन करते हैं। इस क्षेत्र में उच्च प्राथमिक स्तर तक विद्यालय संचालित करते हुए यह महसूस किया गया कि क्षेत्र की बालिकाएं आगे के स्तर की शिक्षा अर्जित करने से वंचित रह जाती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से बालिकाओं के लिए दिगन्तर विद्यालय में उच्च माध्यमिक स्तर की कक्षाएं भी आरंभ की गईं। वर्तमान में 48 बालिकाएं माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर की पढ़ाई कर रही है। माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक की शिक्षा अर्जित कर लेने पर इन बालिकाओं को NIOS द्वारा प्रमाण पत्र मिलता है।

दिगन्तर विद्यालय में बच्चों को कक्षाओं में बांटने की बजाय उनके स्तरानुकूल समूह बनाए गए हैं। बच्चे प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक कुल 20 समूहों में पढ़ाई करते है, जिसमें 13 समूह प्राथमिक, 04 समूह उच्च प्राथमिक, 02 समूह माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक में 01 समूह है।

विस्तृत विवरण

कार्यक्षेत्र			समूह					नामांकन			शिक्षक		
पंचायत समिति	गांव	ढ़ाणी	प्राथमिक	उच्च प्राथमिक	माध्यमिक	उच्च माध्यमिक	कुल	बालिकाएं	बालक	कुल	महिला	पुरूष	कुल
01	**02**	**28**	**13**	**04**	**02**	**01**	**20**	**318**	**191**	**509**	**03**	**22**	**25**

विद्यालय संरचना



मुख्य गतिविधियां

विगत सत्र में दिगन्तर विद्यालय को भावगढ़ गाँव में स्थापित किया गया और नए स्थान पर विद्यालय को व्यवस्थित करने में भी अतिरिक्त समय और संसाधन लगे। इस सत्र में नए सिरे से शिक्षकों की नियुक्तियां की गई और शिक्षक प्रशिक्षण तथा निरंतर उनके क्षमतावर्द्धन के लिए अकादमिक सहायता समूह का गठन किया गया। नव नियुक्त शिक्षकों को छह माह का सघन प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त यह समूह शिक्षकों को विद्यालय में उनके कामकाज में भी निरन्तर सहयोग प्रदान करता है। 12 नये शिक्षक/समन्वयक ने अपनी नई भूमिका अनुसार विद्यालय में काम आरम्भ कर दिया है, लेकिन अब भी पुस्तकालय प्रभारी, उर्दू और गणित शिक्षक की आवश्यकता है। सत्र के प्रारम्भ में अजीमप्रेमजी फाउन्डेशन के साथ प्रत्येक गतिविधि/बजट के विभिन्न पहलु पर विचार–विमर्श कर बजट की रूपरेखा तय की गई।

दिगन्तर विद्यालय में आने वाले बच्चों के घर 6 किलोमीटर तक के दायरे में फैले हैं और इस क्षेत्र में सार्वजनिक यातायात के साधन भी उपलब्ध नहीं है। दिगन्तर विद्यालय की ओर से भी बच्चों को आवागमन का साधन नहीं मिल पाया है। इसके बावजूद बच्चे पैदल चलकर नियमित विद्यालय आते हैं। समुदाय की ओर से विद्यालय से वाहन की व्यवस्था की मांग लगातार की जाती रही है। दूर से आने वाले बच्चों को विद्यालय पहुँचने में काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। इन चुनौतियों के बावजूद विद्यालय में बालमेला, विज्ञान मेला, कला प्रदर्शनी, बच्चों का शैक्षिक भ्रमण, शिक्षकों का शैक्षिक भ्रमण, गणित कार्यशाला और कम्प्यूटर कक्ष इत्यादि गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत दिगन्तर विद्यालय को राजस्थान सरकार द्वारा मान्यता भी मिली।

1.0 कार्यशालाएं और प्रशिक्षण

शिक्षा की सैद्वान्तिक समझ को गहरा और व्यापक बनाने के लिए नियमित रूप से शिक्षक कार्यशालाएं आयोजित की गई। ग्रीष्म तथा शीतकाल के अतिरिक्त विषय आधारित कार्यशालाओं में शिक्षा की सैद्धान्तिक समझ, उपयुक्त शिक्षण सामग्री निर्माण तथा शैक्षिक मुद्दों पर संवाद आयोजित किए गए ताकि शिक्षक अपने निर्णय लेने में आत्मनिर्भर बन सके। वर्ष 2011–12 के दौरान आयोजित शिक्षक कार्यशालाओं का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

1.1 ग्रीष्मकालीन

03 से 25 जून 2011 तक आयोजित कार्यशाला में विषयों की प्रकृति और शिक्षण उद्देश्यों पर विचार–विमर्श किया गया। कार्यशाला में शिक्षण के तरीके तथा शिक्षण सामग्री विकसित करने का काम भी किया गया। कार्यशाला दौरान की गई महत्त्वपूर्ण चर्चाएं व काम का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है–

विषय	काम		
शैक्षिक परिप्रेक्ष्य	विद्यालय के स्वरूप को समझना और विद्यालय का वांछनीय स्वरूप बनाना।	ज्ञान व ज्ञान के स्वरूप पर समझ बनाना।	किशोरावस्था के दौरान बच्चों के साथ संवाद को बेहतर बनाने तथा शिक्षण कार्य में आने वाली चुनौतियों पर बातचीत।
पर्यावरण अध्ययन	पर्यावरण अध्ययन के मायने समझना	शिक्षण के औचित्य को समझकर शिक्षण तरीकों पर चर्चा।	पुरानी व नई शिक्षा पद्धति में भिन्नता को समझना।
अंग्रेजी शिक्षण	शिक्षाक्रम विकसित करना।	उपयुक्त शिक्षण सामग्री बनाना।	
अध्ययन	प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर सभी विषयों में NCERT पुस्तकों का अध्ययन कर समझना।	इसके अनुरूप शिक्षण सामग्री विकसित करना।	
सृजनात्मक	अनुभव लिखना तथा बच्चों में लिखने की आदत विकसित करने के तरीकों पर बातचीत।	कला कार्य करना।	नाटक का चयन व तैयारी कर मंचन करना।
अन्य	विगत सत्र की समीक्षा कर आगामी रूपरेखा तय करना।		

जून कार्यशाला शिक्षकों की उम्मीद पर काफी हद तक कारगर रही। उनके मुताबिक कार्यशाला विविधतापूर्ण तथा सीखने की दृष्टि से उपयोगी रही।

1.2 शीतकालीन

'शिक्षा का अधिकार' के तहत 'सतत् एवं समग्र मूल्यांकन' की प्रक्रियाओं को अपनाने की सिफारिश की गई है। इसने शिक्षकों के कामकाज को दूर तक प्रभावित किया है। शिक्षकों में इसकी बेहतर समझ विकसित हो सके इसे ध्यान में रखते हुए 26 से 31 दिसम्बर तक एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार **'सतत् एवं समग्र मूल्यांकन'** के मायने को समझने का प्रयास किया गया। इस कार्यशाला में आरंभ से 06 वर्ष तक विषयवार प्रत्येक वर्ष का शैक्षिक स्थिति विवरण प्रपत्र विकसित किये गए।
कार्यशाला के दौरान प्रतिदिन सभा, खेल–गतिविधि और दैनिक समीक्षा ने काम को दिशा देने के अलावा सम्भागियों में नई ऊर्जा का संचार किया। शिक्षकों की गम्भीरता और आपसी सहयोग के फलस्वरूप सतत् व समग्र मूल्यांकन के लिए अपेक्षा अनुरूप शैक्षिक स्थिति विवरण प्रपत्र विकसित किए गए।

1.3 भाषा (हिन्दी) शिक्षण

शिक्षकों को कक्षा में विषय अध्यापन के दौरान भी कई तरह की चुनौतियों का सामना करना होता है। विभिन्न विषयों के शिक्षण में आने वाली चुनौतियों और विषय अध्यापन में उनके क्षमतावर्द्धन के इरादे से विभिन्न विषयों की कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। इसी क्रम में 09 सितम्बर 2011 तथा 17 जनवरी 2012 को भाषा (हिन्दी) शिक्षण पर दो कार्यशालाएं की गई। इन कार्यशालाओं में भाषा (हिन्दी) शिक्षण के लिए उपयोग में ली जा रही शिक्षण सामग्री पर काम के तरीकों को समझा गया। शिक्षकों ने आरंभिक क्षमताओं के लिए गतिविधियों और शिक्षण के दौरान आ रही समस्याओं पर चर्चा कर हल तलाशने का काम किया। इसके अतिरिक्त बच्चों की पढ़ने–लिखने में रुचि बढ़ाने तथा नया सीखने के लिये पढ़ने पर विचार–विमर्श किया गया।

1.4 गणित शिक्षण

इसी क्रम में 03 मार्च 2012 को गणित शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में गणित शिक्षण के दौरान शिक्षकों के सामने आई दिक्कतों के समाधान तलाशने और शिक्षण विधियों पर बेहतर समझ बनाने पर काम किया गया। कार्यशाला में भाग, गुणा आदि संक्रियाओं को सिखाने, भिन्न, भिन्न के प्रकार, मापन तथा क्षेत्रफल इत्यादि गणितीय अवधारणाओं पर समझ बनाने का काम किया गया।

1.5 अंग्रेजी शिक्षण

28 अप्रैल 2011 को आयोजित कार्यशाला में अंग्रेजी शिक्षाक्रम को समझने का काम किया। साथ ही इसके लिए आवश्यक शिक्षण सामग्री तैयार की गई। इस कार्यशाला से शिक्षकों को अंग्रेजी शिक्षण के दौरान आई दिक्कतों के समाधान खोजने में मदद मिली।

1.6 किशोर अवस्था पर संवाद आधारित

किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के साथ सामंजस्य बनाने में इस उम्र के बच्चों को काफी मुश्किलें आती है। शिक्षकों और अभिभावकों को भी इस उम्र के बच्चों को समझना और उनके साथ संवाद बना पाना चुनौतीपूर्ण काम लगता है। 14 फरवरी 2012 को आयोजित कार्यशाला में खेजड़ी सर्वोदय ट्रस्ट के डॉ. मीता सिंह के साथ किशोर बच्चों के साथ संवाद के तरीकों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में किशोर उम्र में होने वाले परिवर्तनों और शरीर की आंतरिक संरचना को समझने पर बातचीत की गई। इस संवाद में समन्वयक समूह और उच्च माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत बालिकाओं ने भी भागीदारी की।

1.7 प्राथमिक उपचार आधारित

बच्चों की शिक्षा सुचारू ढंग से होती रहे इसके लिए उनके स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। पोषण, टीकाकरण और प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूकता इस लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। प्राथमिक उपचार के तरीकों, बच्चों को कुपोषण से बचाने के उपाय और टीकाकरण के महत्त्व पर खेजड़ी सर्वोदय ट्रस्ट द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में दिगन्तर विद्यालय से 06 साथी शामिल हुए।

1.8 पुस्तक अध्ययन एवं चर्चा

शिक्षकों के लिए बच्चों के साथ पढ़ने लिखने के साथ ही स्वयं अपने पढ़ने के अभ्यास को भी बनाए रखना उनके काम को बेहतर बनाने में मददगार होता है। दिगन्तर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के साथ नियमित शिक्षण कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों के बेहतर समाधान तलाशने और शिक्षा में नवाचारों को जानने—समझने के लिए पुस्तक अध्ययन सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में शिक्षकों ने पुस्तकों का अध्ययन कर उन पर चर्चा की और उनके केन्द्रीय विचार को समझने का प्रयास किया। पुस्तक अध्ययन के लिए शिक्षकों द्वारा पुस्तक **'लोकतांत्रिक विद्यालय'** तथा **'शिक्षक की पुस्तक भाषा'** पर प्रस्तुतिकरण कर विमर्श किया गया। इससे लोकतंत्र और भाषा शिक्षण पर अपनी समझ को गहरा बनाने में शिक्षकों को मदद मिली।

1.9 शिक्षण सामग्री निर्माण

गणित और भाषा विषय के लिए शिक्षण सामग्री बनाने के लिए 20 जनवरी 2012 को दिगन्तर विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में यहां के शिक्षकों ने बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संख्या पद्धति, संक्रियाओं, कहानियों सहित विभिन्न अवधारणाओं को बच्चों को समझाने के लिए विभिन्न कार्डस और चार्टस तैयार किए। इस कार्यशाला में शिक्षकों द्वारा विकसित की गई नई शिक्षण सामग्री को कक्षा–कक्ष में शिक्षण के दौरान उपयोग में लिया गया।

1.10 शिक्षक प्रशिक्षण

इस वर्ष दिगन्तर विद्यालयों में 30 नए शिक्षकों का प्रशिक्षण के लिए चयन किया। यह शिक्षक दिगन्तर विद्यालयों की कार्य संस्कृति और शिक्षा दर्शन पर बेहतर समझ के साथ विद्यालय में बच्चों के साथ सीखने–सिखाने का काम कर सकें इसके लिए 05 सितम्बर 2011 से 04 जनवरी 2012 तक (चार माह) इन नये सम्भागियों का सघन आवासीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में शिक्षा के सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य को केन्द्र में रखकर शैक्षिक चिन्तन एवं विभिन्न आयामों पर नये संभागियों के साथ विचार–विमर्श किया गया। इस प्रशिक्षण से शिक्षा के प्रति व्यापक एवं विवेक संगत दृष्टिकोण विकसित करने में संभागियों को मदद मिली। साथ ही उनकों संस्था के नजरिये, कार्य प्रकृति को समझने तथा उसमें स्वयं की भूमिका तय कर पाने का अवसर मिला। इस प्रकार चार माह के सघन प्रयासों के बाद दिगन्तर विद्यालय के लिए **नये शिक्षक तैयार** हुए।

2.0 विद्यालय स्तरीय उत्सव व कार्यक्रम

2.1 उत्सव आयोजन

दिगन्तर विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों द्वारा निम्न उत्सवों का आयोजन किया गया–

- गांधी जयन्ती।
- स्वतत्रंता दिवस।
- गणतंत्र दिवस।
- अम्बेडकर जयन्ती।

इन उत्सवों में बच्चों की रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इन अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के अलावा बच्चों ने विभिन्न सम–सामयिक मुद्दों पर अपने विचार अभिव्यक्त किए।

2.2 बाल मेला

बाल मेलों का आयोजन दिगन्तर विद्यालय में समय–समय पर किया जाता रहा है। इन मेलों में कला प्रदर्शनी आयोजित करने के साथ ही विद्यालय के बच्चे अलग–अलग समूहों में विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी करते हैं। इस वर्ष भी 30 मार्च 2012 को दिगन्तर विद्यालय भावगढ़ में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेले का मुख्य उद्देश्य था, आस–पास के विद्यालयों के बच्चों का आपस में मिलने और एक–दूसरे से नया सीखने के अवसर मुहैया कराना।

पपेट शो, कहानी सुनाना, कोलाज, चित्रांकन, सृजनात्मक कार्य, कबाड़ से जुगाड़, कशीदा, संगीत, कागज से बनी आकृतियां, मेहन्दी, मांडणे, कॉरपेन्ट्री, विज्ञान के प्रयोग एकाभिनय, मूकाभिनय/नाटक, बंधेज, नृत्य, क्ले तथा खेल इत्यादि की छोटी दुकानें (Stall) इस मेले में लगायी गयी। सभी को अपनी बात कहने तथा गीत, कविता, चुटकला, कहानी आदि प्रस्तुत करने के लिए खुला मंच भी रखा गया।

इस मेले में आस–पास के 05 विद्यालयों (राजकीय व निजी) के बच्चें और शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शरीक हुए।

2.3 कला व विज्ञान प्रदर्शनी

दिगन्तर विद्यालय में बच्चे विज्ञान की अवधारणाओं पर मॉडल बनाने और कला के माध्यम से अभिव्यक्त करने में भरपूर रुचि लेते हैं। इसकी एक झलक बच्चों की कलाकृतियों और उनके द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडलों को देखने पर मिलती है जिन्हें साझा करने, दूसरो की राय जानने और बच्चों की कल्पनाशक्ति के विस्तार के मकसद से इस वर्ष भी एक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

क्र.	प्रदर्शनी	दिनांक	स्थान
1.	कला	24 फरवरी 2012	भावगढ़ बंध्या
2.	विज्ञान	21 मार्च 2012	भावगढ़ बंध्या

प्रदर्शित कलाकृतियों में बच्चों की मेहनत, लगन और अपने कार्यों को बेहतरीन ढंग से अंजाम देने की झलक ने आगुन्तकों को आकर्षित किया। विज्ञान के सिद्धान्त पर आधारित कॉर्नर में लगभग 250 से भी अधिक मॉडल/गतिविधियां प्रदर्शित की गई। 'जादुई नल' सबके कौतुहल का केन्द्र रहा।

विद्यालय में इस प्रदर्शनी का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया। जिसमें समुदाय से भी काफी उपस्थिति रही। इसके अलावा दिगन्तर कार्मिक, निजी व सरकारी विद्यालयों के बच्चों व शिक्षकों ने भागीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।

2.4 बाल फिल्म प्रदर्शन

फिल्म एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों बड़ों सभी को आकर्षित करता है। फिल्म के द्वारा चित्रों, घटनाक्रम को समझने और विश्लेषण करके अपनी समझ बना पाने में मदद मिलती है। खासतौर से इन फिल्मों पर बच्चों और शिक्षकों के समूह में चर्चा बच्चों को अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर देती है। दिगन्तर विद्यालय के बच्चों ने इस वर्ष जो फिल्में देख कर उन पर बातचीत की वे इस प्रकार हैं–

- डॉक्यूमेंट्री फिल्म (गांधी पर आधारित)
- जुरासिक पार्क
- चार्ली चैपलीन
- Apico Lipto Computer

2.5 बाल स्वास्थ्य

बच्चों के बेहतर विकास के लिए उनकी शिक्षा के साथ ही उनके स्वास्थ्य पर भी खासतौर से ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है। दिगन्तर के बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति को जानने के लिए 'खेजड़ी सर्वोदय जनरल हेल्थ आई केयर सेन्टर' की मदद से विद्यालय के प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया। इस कार्ड में बच्चे की स्वास्थ्य संबंधी बातों का ब्यौरा दर्शित है। इन स्वास्थ्य कार्ड का विश्लेषण करने पर पाया गया कि बच्चों के वजन, लम्बाई, खून की कमी और आँखों को लेकर सावधानी बरतने की ज्यादा जरूरत है। यह स्वास्थ परीक्षण समुदाय में बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता लाने में भी मददगार साबित होता है।

3.0 शैक्षिक भ्रमण

शैक्षिक भ्रमण बच्चों को मिल कर सीखने के साथ ही उनके पारस्परिक संबंधों को बेहतर बनाने और उनमें सहयोग की भावना विकसित करने में भी मददगार होते हैं। इन भ्रमण के माध्यम से वे न सिर्फ नए स्थानों के बारे में जानते हैं बल्कि उनका दुनिया को देखने का नजरिया भी बदलता है। दिगन्तर विद्यालयों के बच्चे इस वर्ष प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के समूह में अलग–अलग स्थानों पर शैक्षिक भ्रमण पर गए। इन स्थानों का चयन बच्चों के आयु समूह और उनकी जानकारियों के स्तर को ध्यान में रखते हुए किया गया।
चिड़िया घर और जंतुआलय में विभिन्न तरह के पशु–पक्षियों को देखकर प्राथमिक स्तर के बच्चे काफी खुश हुए। उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों ने भास्कर प्रिटिंग प्रेस, सरस डेयरी और अक्षयपात्र फाउण्डेशन की कार्यप्रणाली को समझने का काम किया।

माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के बच्चों ने ऐतिहासिक स्थल भानगढ़ किले की बनावट, कारीगरी को देखा और मन्दिरों में मूर्तियां न होने के संदर्भ में कई सवाल भी पूछे।

4.0 बाल पंचायत गठन

बाल पंचायत सरीखी गतिविधियां बच्चों का निर्णय प्रक्रिया की पेचीदगियों से परिचय कराती हैं और उन्हें निर्णय लेना सीखने में मदद भी करती हैं। इसके साथ ही बाल पंचायत बच्चों को अपने विद्यालय पर ज्यादा अधिकार महसूस करने में भी सहायता करती हैं। दिगन्तर विद्यालय में व्यवस्था संबंधी वे सभी निर्णय जिनसे बच्चे प्रभावित होते हैं, उनमें बच्चों की राय को महत्त्व देने एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बाल पंचायत का गठन किया गया। इस बाल पंचायत का अपना 'संविधान' भी विकसित किया गया। बच्चे बाल पंचायत के माध्यम से अपने विद्यालय की समस्याओं के समाधान में ज्यादा सक्रिय भागीदारी करते हैं।

5.0 प्रकाशन

5.1 न्यूज लैटर

विद्यालयों में बच्चों के साथ सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में रोजाना कई तरह के अनुभव होते हैं। बच्चों के साथ शैक्षिक काम करते हुए अर्जित इन अनुभवों को आपस में बांटने, अलग–अलग समूह और विद्यालयों में काम करने के दौरान निरन्तर संवाद कायम रखने, एक–दूसरे से सीखने और मदद करने के उद्देश्य से न्यूज लैटर (द्विमासिक) प्रकाशित किया जाता है। इस सत्र में **इस न्यूज लैटर** के तीन अंक (अंक 42, 43 व 44 वां) प्रकाशित हुए। इस न्यूज लैटर ने शिक्षकों के बीच संवाद की कमी को मिटाने व दूरी को कम कर शैक्षिक संवाद बनाये रखने में मदद की है।

5.2 बातूनी



दिगन्तर विद्यालय में बच्चे खुद को अभिव्यक्त कर सकें इसके लिए उन्हें विविध अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। 'बातूनी' इसी क्रम में एक ऐसा प्रयास है जो बच्चों को अपनी रचनात्मक क्षमताओं को व्यक्त करने का अवसर देती है। यह बच्चों के लिए तथा बच्चों द्वारा निर्मित पत्रिका है। पत्रिका बच्चों को अपनी कल्पनाओं को व्यक्त करने, रचनात्मकत लेखन करने और उसे बेहतर बनाने का अवसर देती है। इसका मासिक प्रकाशन किया जाता है। इसमें बच्चों द्वारा

निर्मित चित्र, कहानियां, बातचीत का अंश, विभिन्न अनुभव, पहेलियां, गीत–कविताएं और अपनी बात इत्यादि रचनाएं प्रकाशित की जाती हैं। इस सत्र् में कुल 04 अंक प्रकाशित हुए। मार्च में बातूनी का **82 वां अंक** प्रकाशित किया गया। बच्चों की रुची तथा अपेक्षा के अनुरूप बातूनी के पृष्ठों को अब रंगीन प्रकाशित किया जाने लगा है।

6.0 समुदाय सहयोग एवं भागीदारी

6.1 संवाद और बैठकें

जिस समाज के बीच विद्यालय संचालित किया जाता है उस सामज की विद्यालय के साथ सक्रिय भागीदारी विद्यालय के बेहतर संचालन में मददगार होती है। दिगन्तर अपने आस–पास के समुदाय के साथ निकट संवाद बनाए रखने में यकीन रखता है। विद्यालय की प्रगति को साझा करने और मिलकर समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए इस सत्र में कुल 32 बार विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठकें और विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ 05 बैठकें आयोजित की गई। 11 ढ़ाणियों में महिला अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों के समय पर विद्यालय आने तथा अन्य समस्याओं के संदर्भ में चर्चा की गई। इसके अलावा शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से अभिभावकों के घर जाकर बच्चों की प्रगति के बारे में उन्हें जानकारी दी जाती है और विद्यालय की अन्य गतिविधियों के संबंध में बातचीत की जाती रही है। इस प्रकार नियमित मिलने और बैठकों से अभिभावक विद्यालय की प्रगति व समस्याओं से अवगत होते हैं। शिक्षकों को भी अभिभावकों को समझने और विद्यालय के बारे में उनकी राय जानने का अवसर मिलता है।

6.2 विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुरूप दिगन्तर विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति गठित है जिसमें कुल 15 सदस्य चयनित हैं। इस सत्र में 05 बार विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बैठक आयोजित की। इन बैठकों में विद्यालय के लिए बातचीत करने, समस्या समाधान के रास्तें तलाशने और विकास के लिए समिति ने सक्रिय भूमिका निभायी है। विद्यालय के लिए भवन निर्माण, शिक्षा के अधिकार कानून के मानकों के अनुरूप विद्यालय को स्थानीय प्रशासन से मान्यता लेने और अन्य व्यवस्थाएं कर पाने में भी विद्यालय प्रबंधन समिति ने सक्रिय भूमिका निभाई।

6.3 समुदाय भागीदारी

अभिभावक एवं समुदाय के लोग समय–समय पर विद्यालय आकर शिक्षकों से विद्यालय संबंधी बातचीत करते है। विद्यालय उत्सव व राष्ट्रीय पर्व पर समुदाय की काफी संख्या में भागीदारी रहती है। इन कार्यक्रमों में विद्यालय की प्रगति को जानने, अपनी राय देने के अलावा समुदाय ने बच्चों को मिठाई वितरण के लिए 3000 रूपये भी दिए।

7.0 अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं के साथ संवाद

अलग–अलग समय पर विभिन्न संस्थाओं से व्यक्ति अपने उद्देश्यों के साथ दिगन्तर विद्यालय देखने और समझने आते है। इस सत्र में लगभग **38 संस्थाओं से 147 मेहमान** विद्यालय में आए। इन्होंने विद्यालय में अवलोकन, बच्चों–शिक्षकों से बातचीत और समन्वयक के साथ बैठक कर शिक्षण विधा को समझने का प्रयास किया।

8.0 उपलब्धियां

- वार्षिक योजना मुताबिक गतिविधयों का सफल आयोजन कर पाना।
- शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार कर नये शिक्षकों का प्रशिक्षण का आयोजन होना।
- दिगन्तर विद्यालय के लिए नये शिक्षकों का चयन और अकादमिक समन्वयक समूह का गठन होना।
- काफी वर्षों से प्रयास के बाद अंग्रेजी शिक्षण के लिए शिक्षाक्रम विकसित होना।
- दिगन्तर भावगढ़ विद्यालय में समृद्ध पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं कम्प्यूटर कक्ष स्थापित होना।
- शिक्षा के अधिकार के तहत् राज्य सरकार द्वारा दिगन्तर विद्यालय को मान्यता प्रदान करना।

9.0 चुनौतियां

- नियमित तलाश और विज्ञापन के बावजूद गणित शिक्षक, उर्दू शिक्षक तथा पुस्कालय प्रभारी का नहीं मिल पाना।
- कुछ संभागियों द्वारा चार माह का आवासीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कार्यमुक्त होकर चले जाना।
- बच्चों के घर व विद्यालय के बीच दूरी अधिक होने के कारण बच्चों को विद्यालय आने–जाने में दिक्कत होना। इससे बच्चों की उपस्थिति व समय पर विद्यालय आना प्रभावित रहा।
- उच्च प्राथमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षाक्रम विकसित न हो पाना।

2.2 अकादमिक सन्दर्भ इकाई (TARU)

शिक्षा और समाज के विकास में प्रयासरत् सरकारी–गैर सरकारी संस्थानों तथा दिगन्तर द्वारा संचालित कार्यक्रमों में जरूरत मुताबिक अकादमिक मदद मुहैया करवा पाने के रूप में **तरु (अकादमिक सन्दर्भ इकाई)** की संकल्पना उभर कर सामने आयी। शुरुआत से ही तरु शिक्षा के आधारभूत मुद्दों पर चिंतन, विभिन्न कार्यक्रमों का विकास, शैक्षिक शोध, शिक्षक प्रशिक्षण, शैक्षिक कार्यशालाएं और शिक्षण सामग्री निर्माण का काम करता रहा है। तरु के उद्देश्यों में यह संकल्पित है कि शिक्षा की एक ऐसी दृष्टि विकसित की जाय जिसको व्यवहार में लागू करके उससे जनित ज्ञान पर पुर्नचिन्तन करते हुए शिक्षा में नई समझ विकसित की जा सके। तरु में अभी विविध शैक्षणिक योग्यता और शैक्षिक अनुभव वाले 17 सदस्यों का समूह है। इसकी संरचना में निदेशक, कार्यकारी निदेशक, वरिष्ठ एसोसिएट फैलो, एसोसिएट फैलो, सहायकफैलो, शोधकर्ता, प्रशासनिक व कार्यालय सहायक शामिल है।

सत्र 2011–12 के दौरान तरु द्वारा किये गए मुख्य कार्यों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है–

1.0 'शिक्षा की आधारभूत समझ' कार्यक्रम

यह कार्यक्रम सम्भागियों को प्राथमिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चिन्तन करने, शिक्षा के विस्तृत सैद्धान्तिक ढांचा को समझने तथा उस पर सुसंगत मत बना पाने का अवसर मुहैया कराता है। वर्ष 2004 से संचालित यह कार्यक्रम शिक्षा के उद्देश्यों एवं प्रकृति के बारे में गहरी समझ बनाने की सामर्थ्य रखता है, जो किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए लाजमी है। कार्यक्रम विद्यालय की धारणा, शिक्षणशास्त्रीय विधाओं, शिक्षक की भूमिका, शिक्षा में शोध, शिक्षा नीतियों, ज्ञान–मीमांसा इत्यादि पर चिन्तन कर संभागियों को अपना विवेक संगत मत बनाने के लिए एक मंच उपलब्ध कराता है।

यह कार्यक्रम संभागियों की प्रतिक्रिया तथा उनकी जरूरत को समझकर बदलाव के लिए तत्पर भी रहता है। परिणामस्वरूप वर्ष 2010 से संभागियों के लिए हिन्दी में इसके आयोजन की शुरुआत हुई है। अध्ययन सामग्री के लिए इसमें नीति संबंधी दस्तावेजों को भी शामिल किया जाता है ताकि उन पर चिन्तन एवं प्रतिबिम्बित (Reflect) किया जा सके। इस तरह यह कार्यक्रम अनुशासनों (Disciplines) और भारतीय शिक्षा की वर्तमान समझ के साथ संवाद स्थापित करता है।

यह कार्यक्रम चार कार्यशालाओं में विभाजित है जिसमें लगभग एक माह के अन्तराल पर कार्यशालाएं (प्रति कार्यशाला 12 दिवस) आयोजित की जाती है। संभागियों द्वारा दिगन्तर विद्यालयों का अवलोकन कर शिक्षा

के सिद्धान्तों के व्यावहारिक पक्ष को समझना इस कार्यक्रम का हिस्सा है। इस वर्ष सातवें कोर्स के अन्तर्गत अगस्त, 2011 से फरवरी, 2012 के दौरान चार कार्यशालाओं में निम्न मॉड्यूल पर विचार–विमर्श हुआ–

कार्यशाला	काम
प्रथम	• शिक्षा का दार्शनिक परिप्रेक्ष्य • शिक्षा का समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य • सीखने का परिप्रेक्ष्य
द्वितीय	• इंसानी समझ एवं शिक्षाक्रम • भाषा की प्रकृति एवं शिक्षणशास्त्र • विज्ञान की प्रकृति एवं शिक्षणशास्त्र
तृतीय	• गणित की प्रकृति एवं शिक्षणशास्त्र • सामाजिक विज्ञान की प्रकृति एवं शिक्षणशास्त्र • इतिहास की प्रकृति एवं शिक्षणशास्त्र
चतुर्थ	• शोध एवं आकलन • शिक्षक शिक्षा • शिक्षा में मुद्दे

वर्ष 2011–12 में देशभर की अलग–अलग जगह से 23 संभागियों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की। जिनमें 12 संभागियों को वॉटिस द्वारा स्कॉलरशिप दी गई जो कार्यक्रम की एक नियमित विशेषता है। इन कार्यशालाओं को साकार करने में तरु सदस्यों के अतिरिक्त विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संगठनों के संकाय सदस्यों ने मदद की, इनमें से कुछ नाम है :– प्रोफेसर विजय वर्मा– दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रोफेसर रमाकांत अग्निहोत्री– दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रोफेसर रोहित धनकर– अजीमप्रेमजी विश्वविद्यालय, प्रोफेसर अमन मदान– अजीमप्रेमजी विश्वविद्यालय, प्रोफेसर अनिल सेठी– एनसीईआरटी, प्रोफेसर हरिकेश बहादुर सिंह– बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय और मनोज कुमार– रूम टू रीड, इंडिया।

2.0 एपीएफ[2] सहयोग एवं योजना

तरु और एपीएफ की साझा सहमति के फलस्वरूप अजीमप्रेमजी विश्वविद्यालय, अजीमप्रेमजी फाउंडेशन और विभिन्न राज्यों में स्थापित अजीमप्रेमजी फील्ड संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में तरु द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा दोनों की रुचि व सहमति के आधार पर शिक्षा की आधारभूत समझ को विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और गतिविधियां का मिलकर आयोजन किया जायेगा।

इसके तहत् सत्र 2011–12 में तरु द्वारा किये मुख्य काम का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

2.1 एपीयू[3] के लिए सहयोग

एपीयू द्वारा तीन चरणों में **'शिक्षा दर्शन शास्त्र'** पर परिसंवाद की श्रृंखला (प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर) आयोजित की जायेगी। इसके अतिरिक्त सुविख्यात शिक्षा शास्त्री डेविड ऑसबरा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये गए काम पर परिसंवाद आयोजन करने की योजना भी है। क्योंकि एपीयू के लिए **'शिक्षा दर्शनशास्त्र'** पर कार्य करना तरु के काम का हिस्सा है इसलिए तरु सक्रिय तौर पर इन परिसंवादों के आयोजन तथा इसके लिए संदर्भ सामग्री संकलन में शामिल रहा है।

2.2 यूआरसी[4] के लिए

- **'कोजिटैशन' कार्यक्रम विकास** : एपीएफ यूआरसी के लिए कोजिटैशन कार्यक्रम की संकल्पना और विकास में तरु की सक्रिय सहभागिता रही है। इस सहभागिता के तहत् विद्यालय और शिक्षा, इंसान का सीखना, शिक्षण और शिक्षाक्रम पर आधारित चार मॉड्यूल विकसित किये गए ताकि कुछ विचारों, उत्तेजक आलेखों एवं पेपर की मदद से यूआरसी सदस्यों के साथ ऐसे मुद्दों पर संवाद हो, जो सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक समझ के मध्य तालमेल बैठाते हुये पुख्ता समझ का निर्माण कर सकें।

  इन चार कार्यशालाओं की संकल्पना और आयोजन में तरु शामिल रहा है। संभागियों को प्रतिक्रिया के लिए आलेख प्रेषित किए गए ताकि उन पर फीडबैक प्राप्त कर स्वस्थ चर्चाएं की जा सके। इस प्रक्रिया के बाद चीजों पर गहरी समझ विकसित करने के लिए दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

---
[2] Azim Premji Foundation (APF)
[3] Azim Premji University (APU)
[4] University Resource Centre (URC)

- **केंद्रित समूह (Focus groups) के साथ कार्यशाला** : सामाजिक विज्ञान की प्रकृति एवं शिक्षण शास्त्र पर नए मॉड्यूल विकसित करने के लिए दिगन्तर में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें तरु सदस्यों ने भागीदारी की। इस कार्यशाला के संचालन में अजीमप्रेमजी विश्वविद्यालय से प्रोफेसर अमन मदान ने मदद की। इसके अलावा भाषा, गणित, विज्ञान एवं सामजिक विज्ञान विषयों में कार्य करने के लिए ई–समूहों का निर्माण किया। इन सभी समूह में तरु, यूआरसी और एपीएफ के फील्ड इकाई के सदस्यों को शामिल किया गया। तरु द्वारा समाजिक विज्ञान और यूआरसी द्वारा भाषा, गणित, विज्ञान समूह के निर्देशन की जिम्मेदारी थी। तरु के सभी सदस्यों द्वारा विभिन्न ई–समूहों की परिचर्चा में भागीदारी की गई।

  विद्याभवन सोसाईटी (उदयपुर) द्वारा 'शिक्षा से परिचय' विषय पर आयोजित कार्यशाला में तरु से तीन सदस्यों द्वारा हिस्सेदारी की गई जिसमें शिक्षा की मूल अवधारणाओं पर सारभूत समझ बनाने की कोशिश की गई।

- **'प्रोब' सेमीनार** : यूआरसी द्वारा अपने सदस्यों की अभिरूचि अनुसार विषय विशेष पर गहन अध्ययन एवं परिचर्चा के अवसर मुहैया कराने के लिए परिसंवाद श्रृंखला की संकल्पना तथा आयोजन की योजना बनायी। इसके तहत् तरु साथियों ने बैंगलोर में आयोजित प्रथम प्रोब सेमीनार में भागीदारी की। जिसमें भाषा, विज्ञान, भूगोल और गणित में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा पेपर प्रस्तुत कर उन पर चर्चा की गई।

- **एप्रोच पेपर के विकास में मदद** : अजीमप्रेमजी यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर यूआरसी द्वारा अंग्रेजी भाषा शिक्षण पर बैठक बैंगलोर में आयोजित की गई जिसमें अंग्रेजी भाषा शिक्षण के एप्रोच पेपर की संकल्पना पर चर्चा हुई। इस पेपर की संकल्पना एवं विकास में तरु की सक्रिय भूमिका रही।

- **शैक्षिक परिचय के लिए अल्पकालिक अवधि कोर्स के विकास में मदद** : यूआरसी ने कोजिटेशन कार्यक्रम के अनुभवों के आधार पर फील्ड सदस्यों के लिए अल्पकालिक अवधि कोर्स की योजना विकसित की। तरू सदस्यों द्वारा इसके मॉड्यूल के विकास और कोर्स के आयोजन में मदद की गई। इसके अंतर्गत **'स्कूल एवं शिक्षा'**, **'शिक्षाक्रम'** तथा **'सीखना'** पर मॉड्यूल विकसित किए गए।

- **सामग्री निर्माण कार्यशाला में भागीदारी** : अपने फील्ड सदस्यों के लिए यूआरसी द्वारा विषय आधारित कार्यशालाओं की श्रृंखला के तहत् एक कार्यशाला को आयोजन किया गया। कार्यशाला के लिए उदयपुर में आयोजित बैठक में तरु की सक्रिय सहभागिता रही जिसमें इतिहास, भूगोल और सामाजिक विज्ञान विषय की विस्तृत योजना और दस्तावेज विकसित करने की जिम्मेंदारी तरु द्वारा ली गई।

3.0 सैन्टर फॉर टीचर नॉलेज (सीटीके[5]) कार्यक्रम

पॉल हैम्लेन फांउडेशन, लंदन से वित्तपोषित सैन्टर फॉर टीचर नॉलेज (सीटीके) कार्यक्रम दिसम्बर 2011 से

संचालित है। शिक्षा के सार्वभौमिकरण और गुणवत्ततापूर्ण शिक्षा के संदर्भ में शिक्षक शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जिसमें वर्तमान संदर्भ का ध्यान रखते हुए अध्ययन करना और दखल की योजना बनाना बहुत ही जरूरी है। अतः सीटीके कार्यक्रम के अंतर्गत यह अध्ययन शिक्षक प्रशिक्षक के नजरिये से यह समझने की कोशिश है कि 'शिक्षक को क्या जानना चाहिये?' और इसको वो 'कैसे सीखते हैं?' इस कार्यक्रम को इसके उद्देश्यों को हासिल करने के लिए छहः वर्ष के कार्यकाल में संकल्पित किया गया है जिसके पहले वर्ष में एक अध्ययन के द्वारा यह समझा जायेगा कि 'शिक्षक ज्ञान' और 'शिक्षक के सीखने' को साहित्य एवं फील्ड में कैसे समझा जाता रहा है और किस तरह से समझा जाना चाहिए।

इस तरह से कार्यक्रम का पहला वर्ष एक परिचयात्मक अध्ययन के लिए समर्पित है जिसके एक हिस्से में यह समझने की कोशिश है कि भारतीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में 'शिक्षक ज्ञान' एवं 'शिक्षक शिक्षा' के संवाद की प्रकृति किस तरह की है और दूसरे हिस्से में उपलब्ध साहित्य का एनोटेशन करना शामिल है।

नवम्बर 2011 से मार्च 2012 दौरान कार्यक्रम तहत् निम्न गतिविधियां की गई–

3.1 टीम प्रशिक्षण

सीटीके कार्यक्रम के लिए एक टीम गठित की गई और इसी टीम निर्माण प्रक्रिया के दौरान ही सदस्यों ने व्यवस्थित तरीके से शिक्षक शिक्षा और शिक्षक ज्ञान पर उपलब्ध साहित्य का अध्ययन किया। इस प्रक्रिया ने शिक्षक ज्ञान, शोध एवं शोध प्रविधि के बारे में टीम सदस्यों के मध्य साझी समझ विकसित करने में अहम भूमिका अदा की। इस दौरान दो आलेखों के माध्यम से एनोटेशन के प्रारूप को भी समझा गया।

3.2 राज्य के शैक्षिक उद्यमों तक पहुंच

शिक्षक शिक्षा में बेहतरी का रास्ता खुल पाए, इसके लिए कार्यक्रम के उद्देश्य और संकल्पना को शिक्षा तंत्र के विभिन्न उद्यमों से शेयर करना शामिल है। इसी मकसद से 12 राज्यों के सर्वशिक्षा अभियान निदेशक/कमीशनर एवं एससीईआरटी निदेशक/प्रधानाचार्य से मुलाकात की गई ताकि उनसे कार्यक्रम शेयर कर उन्हें सलाहकार के तौर से कार्यक्रम में शामिल किया जा सके। इन सभी के साथ बातचीत अच्छी रही। अधिकांश ने इस विचार की सराहना की।

---

[5] Centre for Participatory Research and Action for Teacher Knowledge

3.3 विशेषज्ञ समिति का गठन व प्रपोजल शेयरिंग

इस कार्यक्रम के लिए क्रियात्मक शोध की प्रवृत्ति का ध्यान रखते हुए पांच सदस्यों की एक समिति गठित की गई ताकि इसके पहले वर्ष में किये जा रहे अध्ययन पर फीडबैक दिया जा सके और इसकी वैधता के दायरे को बढ़ाया जा सके। इस विशेषज्ञ समिति के सदस्य हैं : प्रोफेसर रोहित धनकर (अजीमप्रेमजी विश्वविद्यालय), प्रोफेसर कृष्ण कुमार (दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रोफेसर पद्‌मा सारंगपाणि (टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान), प्रोफेसर पूनम बत्रा (दिल्ली विश्वविद्यालय) और मनोज कुमार (रूम टू रीड इंडिया)। विशेषज्ञ समिति की पहली बैठक दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें समिति सदस्यों द्वारा अध्ययन के प्रपोजल और प्रविधि के चयन के संदर्भ में सुझाव/मत दिये। विशेषज्ञ समिति के फीडबैक एवं सुझाव अनुसार इस अध्ययन का रिसर्च प्रपोजल विकसित किया गया जिसमें इसकी प्रविधि आदि को भी शामिल किया गया। इसके साथ आंकडों के संकलन के लिए प्रारूप भी विकसित किये गये। इन दोनों दस्तावेजों को विशेषज्ञ समिति सदस्यों के साथ साझा किया गया।

3.4 कक्षा अवलोकन व साक्षात्कार हेतु अनुमति

इस अध्ययन के तहत् तीन राज्यों (दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश) से सेंपल के तौर पर एक–एक डाइट, निजी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान और सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अवलोकन, वहां के शिक्षक प्रशिक्षकों के नजरिए को समझने के लिए उनके साथ साक्षात्कार और सभी 12 हिंदी भाषी राज्यों में छात्रों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली अध्ययन सामग्री का अध्ययन करना शामिल है। इस अध्ययन के दौरान तीनों राज्यों में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में कक्षा अवलोकन और शिक्षक प्रशिक्षक के साक्षात्कार आयोजित करने के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा एक औपचारिक अनुमति की जरूरत हुई। राजस्थान में सर्वशिक्षा अभियान तथा दिल्ली में एससीईआरटी द्वारा यह अनुमति दी गई। मध्यप्रदेश में अनुमति के लिये प्रयास सतत् जारी हैं। तरु सदस्यों द्वारा डेटा संकलन की अनुमति के लिये इन संस्थाओं में जाकर बातचीत की गई जिसके परिणामस्वरूप इन संस्थानों से सहर्ष अनुमति मिल पायी।

3.5 एनोटेटिड बिबलियोग्राफी तैयार करना

भारतीय संदर्भ में 'शिक्षक ज्ञान' और 'शिक्षक के सीखना' पर कुछ ही व्यक्तियों द्वारा प्रासंगिक पेपर और आलेखों के अलावा ज्यादा सामग्री उपलब्ध नही है। इसलिये अध्ययन में एनोटेशन को एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया। इस दौरान 100 के करीब पुस्तकें, मॉड्यूल, नीति दस्तावेज, पेपर, आलेख, शोध रिपोर्ट आदि का संकलन किया गया। उपलब्ध सामग्री की मदद से कार्यक्रम द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी में इन दो मुद्दों पर एनोटेटिड बिबलियोग्राफी तैयार करने का काम जारी है।

3.6 सन्दर्भ सामग्री संकलन

भारत में शिक्षक शिक्षा की 'शिक्षक ज्ञान' और 'शिक्षक के सीखने' के बारे में अपनी एक समझ है जिसे अभी तक बहुत स्पष्ट रूप से जांचा व समझा नही गया है। कार्यक्रम के तहत् 12 हिन्दी भाषी राज्यों में शिक्षक शिक्षा के लिये अधिकारिक तौर पर प्रयोग में ली जा रही सामग्री (सेवापूर्व एवं सेवाकालीन) का विश्लेषण किया जाना है ताकि इससे शिक्षक ज्ञान एवं शिक्षक के सीखने के बारे में मान्यताओं को समझा जा सके। इसके पहले दौर में राज्य स्तर पर सेवापूर्व एवं सेवाकालीन शिक्षक शिक्षा के लिये प्रयोग में ली जा रही सामग्री को चिन्हित एवं संकलित किया गया है।

4.0 चुनौतियां

तरु विभिन्न गंभीर दबावों और अनिश्चिताओं के चलते काम करता रहा है। वित्तीय सहयोग की अनिश्चिता की वजह से तरु सदस्यों में एक असुरक्षा की स्थिति पैदा होती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान काफी संख्या में टीम सदस्यों का छोड़ के चले जाना या उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिल पाने के कारक बतौर यह परिदृश्य समझ में आता है। इस वर्ष भी चार सदस्य तरु टीम से चले गए है। काफी कोशिशों के बावजूद तरु में अभी भी प्रस्तावित पद अनुसार सभी सदस्य नहीं है। तरु में उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं में सुधार की काफी संभावनाएं मौजूद है।

2.3 शिक्षा विमर्श

शिक्षा विमर्श हिन्दी भाषा में प्रकाशित द्विमासिक पत्रिका है जो 1998 से हिन्दी पाठकों के लिए शिक्षा में साहित्य के अभाव को कम करने और गुणवत्तापूर्ण वैचारिक साहित्य मुहैया कराने का काम कर रही है। शिक्षा विमर्श नीतिगत विषयों, तात्कालिक सरोकार के विषयों और सामयिक शैक्षिक बहसों को हिन्दी पाठकों के बीच ले जाने का काम करती है। शिक्षा में सिद्धान्त और व्यवहार के बीच सेतु कायम करने के लिए पत्रिका सतत् प्रयासरत है।

सत्र 2011–12 दौरान 06 अंक प्रकाशित हुए हैं जिनमें 05 अंक सामान्य और एक अंक **"अध्यापक"** विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया गया। इस विशेषांक के अतिथि संपादक प्रो. कृष्ण कुमार थे और इस अंक में करीबन 16 नए लेखकों ने अपना योगदान दिया।



इस वर्ष के अंत से शिक्षा विमर्श के सभी अंक समय पर प्रकाशित हुए है। वित्तीय सहयोग में दिक्कतें आने की वजह से सीमित संसाधनों के साथ शिक्षा विमर्श के प्रकाशन को जारी रखने की कोशिश की गई है। कम्प्यूटर ऑपरेटर के बीच में छोड़कर चले जाने के कारण सम्पादक सहित केवल 02 व्यक्ति ही कार्यरत रहे।

वित्तीयवर्ष 2011–12 के दौरान शिक्षा विमर्श के **प्रचार–प्रसार** को संक्षिप्त में इस प्रकार समझा जा सकता है–

- विगत वर्ष की तुलना स्वरूप शिक्षा विमर्श की सदस्यता में 06 प्रतिशत की इजाफा हुआ है। इस वर्ष के अंत में कुल सदस्य संख्या 1438 हो गई।
- नवीनतम अंक के अलावा अब तक प्रकाशित सभी अंक शिक्षा विमर्श की वेबसाईट पर अपलोड है। वेबसाईट सदस्यों के पंजीकरण में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में 11000 सदस्य पंजीकृत है।
- अध्यापक विशेषांक के बाद से शिक्षा विमर्श सही समय पर प्रकाशित हो रही है।

तुलनात्मक विश्लेषण

सदस्यता/वर्ष	2010–11	2011–12
मानद सदस्य	5	1
नए सदस्य	314	87
सदस्यता समाप्ति	280	113
सदस्यता वृद्धि	1038 से 1351	1352 से 1438
सदस्यता शुल्क प्राप्ति	**1,77,710.00**	**2,17,416.00**
वास्तविक सदस्य	**935**	**878**

चुनौतियां

- बजट अभाव तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं होने के कारण काम की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में ही कमी महसूस की गई।
- इस समयावधि में पत्रिका प्रसार के लिए कोई विशेष काम नहीं हो पाया। परिणामस्वरूप अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष सदस्यता में बढ़ोत्तरी काफी कम है।
- वर्तमान में जिनकी सदस्यता समाप्त होने वाली या हो चुकी है, उनकी सदस्यता आगे जारी रखने के लिए नवीनीकरण कम हो पाना।

विशेषताएं

- नवीनीकरण स्मरण पत्रों एवं सतत् सम्पर्क के फलस्वरूप शिक्षा विमर्श की सदस्यता शुल्क में 22 प्रतिशत की वृद्धि होना।
- अध्यापक विशेषांक का प्रकाशन में अतिथि संपादक के तौर पर प्रो. कृष्ण कुमार का योगदान।
- शिक्षा विमर्श का प्रकाशन पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष समय पर होना।
- नए वित्तीय सहयोग के साथ शिक्षा विमर्श की नई योजना का प्रस्ताव जिससे शिक्षा विमर्श एक नए रूप में प्रकाशित होने की संभावना।

2.4 सन्दर्भ सहायता इकाई (TRSU)

TRSU दिगन्तर के मुख्य कार्यक्रमों मे से एक है जिसका मुख्य ध्येय संस्था के सभी कार्यक्रमों के उम्दा संचालन के लिए प्रशासनिक और व्यवस्थात्मक मदद मुहैया कराना है। इस इकाई के कार्यों में लेखांकन एवं वित्तीय संबंधी, सामग्री खरीदना व उपलब्ध कराना, आवास व्यवस्था तथा संस्थागत सभी कार्मिकों का चयन व नियुक्त करने का काम प्रमुखता में है। संस्था के सभी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का समन्वयन तथा सहयोग करना इस इकाई का मुख्य काम है ताकि सभी कार्यक्रम अपने लक्ष्य व उद्देश्यों अनुरूप बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सके।



वर्ष 2011–12 दौरान किये गए मुख्य काम व गतिविधियां

स्वागत	पुस्तकालय	स्टोर
• सभी प्रकार के फोन की रजिस्टर और कम्प्यूटर में प्रविष्टि करना। • फॉटोकॉपी, स्केन, फैक्स और कम्प्यूटर संबंधी कार्य। • स्वागत कक्ष से संबंधित गतिविधियों के दस्तावेज रखना।	• इस वर्ष लगभग 540 नई पुस्तकें खरीदी गई। • पुस्तकालय की लगभग 20,126 पुस्तकों का व्यवस्थित अभिलेख रखना। • मुख्य पुस्तकालय तथा दो अन्य कार्यक्रम की पुस्तकों का भौतिक सत्यापन कर रपट तैयार करना। • पुस्तकालय संबंधी कार्य की मासिक व वार्षिक रपट बनाना।	• स्थायी और अस्थायी सामग्री खरीदना और निगर्मन करना। • संस्था के सभी कार्यक्रमों और कार्यालय की सामग्री का भौतिक सत्यापन करना। • नये उपकरण खरीदना। पुराने उपकरण व सामग्री का सार–संभाल रखना।

